**Regarding urgent need of international flights from Vodadora Airport**

डॉ. हेमांग जोशी (वडोदरा) : माननीय सभापति महोदय, धन्यवाद ।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान वडोदरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की अतिआवश्यक आवश्यकता की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । ? (व्यवधान)

यह हवाई अड्डा अंतर्राष्ट्रीय यातायात को संभालने के लिए पूरी तरह सुसज्जित और संचालनशील है । किंतु, आवश्यक अधोसंरचना एवं अंतर्राष्ट्रीय दर्जा प्राप्त होने के बावजूद इसका समुचित उपयोग नहीं हो रहा है । ? (व्यवधान)

सभापति महोदय, वडोदरा हवाई अड्डा केवल वडोदरा जिला ही नहीं, बल्कि गुजरात के मध्य एवं दक्षिण मार्गों में कई प्रमुख क्षेत्रों जैसे आनंदखेड़ा, छोटा उदयपुर, पंचमहल, दाहोद एवं भरुच को भी सेवाएं प्रदान करता है । यह क्षेत्र औद्योगिक, शैक्षणिक और आदिवासी दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है । ? (व्यवधान)

अत: मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि वडोदरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से डोमेस्टिक फ्लाइट्स बढ़ाई जाएं । ? (व्यवधान)

सभापति महोदय, महाराज सयाजीराव गायकवाड़ जी के जमाने में यह देश के सबसे पहले हवाई अड्डों में से एक था । ? (व्यवधान) हमें वडोदरा के उस स्वर्णिम काल को फिर से वापस लाना है । ? (व्यवधान) धन्यवाद ।